भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न सं. +*442

सोमवार, 4 अप्रैल, 2022/14 चैत्र, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

एमआईसीई के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति

+*442. डॉ. संजीव कुमार शिंगरीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार बैठकों, प्रोत्साहनों, सम्मेलनों तथा प्रदर्शनियों (एमआईसीई) जो व्यवसाय पर्यटन के महत्वपूर्ण घटक हैं, के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति अपनाने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्तमान में व्यवसाय पर्यटन के इस एमआईसीई घटक के वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी का ब्यौरा क्या है; और

(घ) ऐसे पर्यटन के लिए विदेश जाने वाले अथवा बाहर जाने वाले भारतीयों का अनुपात कितना है तथा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (घ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

*****

एमआईसीई के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति के संबंध में दिनांक 04.04.2022 के लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. +*442 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

(क) और (ख) : पर्यटन मंत्रालय ने एमआईसीई उद्योग के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति और रोडमैप का प्रारूप तैयार किया है । देश में एमआईसीई उद्योग की प्रगति को बढ़ावा देने और एक एमआईसीई गंतव्य के रूप में भारत के संवर्धन के लिए कार्यनीतिक दस्तावेज के प्रारूप में निम्नलिखित कार्यनीतिक उपाय चिह्नित किए गए हैं :

(i) एमआईसीई के लिए संस्थागत सहायता
(ii) एमआईसीई के लिए इको-सिस्टम का विकास
(iii) भारतीय एमआईसीई उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि
(iv) एमआईसीई आयोजनों के लिए व्यवसाय करने की सुगमता में वृद्धि
(v) एमआईसीई गंतव्य के रूप में भारत की मार्केटिंग
(vi) एमआईसीई उद्योग के लिए कौशल विकास

(ग) : पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2019 में एक व्यवसायिक एजेंसी के माध्यम से 'भारत में एमआईसीई बाजार और एमआईसीई पर्यटन उत्पादों के संवर्धन में इंडिया कन्वेंशन प्रमोशन ब्यूरो (आईसीपीबी) की भूमिका' पर एक अध्ययन करवाया था । रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि वैश्विक एमआईसीई उद्योग में भारत की हिस्सेदारी 0.96% है ।

(घ) : पर्यटन मंत्रालय द्वारा आउटबाउंड एमआईसीई पर्यटन से संबंधित आंकड़ों का संग्रहण नहीं किया जाता है ।

*****